## एक नजर में

### पूर्व राज्यपाल के निधन पर शुक्ल ने जताया शोक

**भोपाल.** पूर्व राज्यपाल एवं वरिष्ठ राजनेता सत्यपाल मलिक के निधन पर मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने गहरा शोक व्यक्त किया है. उन्होंने कहा कि मलिक जी का निधन भारतीय राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति है. शुक्ल ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिजनों एवं अनुयायियों को यह दु:ख सहन करने की शक्ति देने की कामना की.

### बाल संरक्षण पर एक कार्यशाला कल

**भोपाल.** लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण (पोक्सो अधिनियम) विषय पर जागरूकता और प्रशिक्षण के लिए मप्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा 7 अगस्त को एक दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में आयोजित इस कार्यशाला का शुभारंभ करेंगे. कार्यशाला में विशिष्ट अतिथि के रूप में स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया तथा बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष द्रविंद्र मोरे उपस्थित रहेंगे.

### सेवानिवृत्त शिक्षक से 20.81 लाख की ठगी

**देवास.** देवास जिले के सतवास में एक सेवानिवृत्त शिक्षक को डिजिटल ठगी का शिकार बनाकर 20.81 लाख रुपये हड़पने वाले गिरोह का पर्दाफाश हुआ है. पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोद ने जानकारी दी कि गिरफ्तार किए गए छह आरोपी खुद को सीबीआई अधिकारी बताकर शिक्षक प्रमोद गौर को वीडियो कॉल के जरिए डिजिटल अरेस्ट में लेते थे और सुप्रीम कोर्ट की जांच का भय दिखाकर उससे अलग-अलग खातों में कुल 20.81 लाख रुपये ट्रांसफर करवा लिए. जांच में खुलासा हुआ कि आरोपियों ने टेलीग्राम ग्रुप के माध्यम से किराए के बैंक खातों की व्यवस्था की थी, जिनका उपयोग ठगी की राशि ट्रांसफर करने में किया गया. गैंग देशभर में भ्रमण कर इस तरह की वारदात को अंजाम देता था और सफर के लिए हवाई यात्रा का सहारा लेता था.

# मेकिंग मध्यप्रदेश कब बनेगा : उमंग

## सीएम के व्यक्तव्य पर नेता प्रतिपक्ष ने उठाए सवाल

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 5 अगस्त. विधान सभा में महानगरक्षेत्र नियोजन एवं विकास विधेयक 2025 पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के वक्तव्य पर गंभीर सवाल खड़े किए.**

उन्होंने पूछा कि मेकिंग मध्यप्रदेश, की बात तो हो रही है, लेकिन इसका स्वरूप कब और कैसे साकार होगा, यह अब तक स्पष्ट नहीं है. उन्होंने कहा कि करोड़ों का निवेश आया, लेकिन यह कब और कहां आया -यह जनता को समझ में नहीं आया. सिंघार ने कहा कि सरकार किसानों को मुआवजा नही दे पा रही. सरकार कहती है कि 120 इंडस्ट्रियल पार्क बनाए जा रहे हैं. तो उद्योगपतियों को क्यों नहीं कहा जाता कि वे स्वयं बुनियादी ढांचा तैयार करें? उन्होंने सुझाव दिया कि महाराष्ट्र की तरह मध्यप्रदेश में भी प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क की संकल्पना



पर काम होना चाहिए और जरूरत पड़े तो सरकार अनुदान दे. सिंघार ने प्रदेश के बेरोजगार युवाओं का मुद्दा भी जोरशोर से उठाया. उन्होंने कहा कि जिसे सरकार आकांक्षी युवा कहती है, उसे रोजगार कैसे मिलेगा? उन्होंने बताया कि प्रदेश प्याज उत्पादन में देश में दूसरे स्थान पर है, लेकिन निर्यात नहीं हो पा रहा. क्या इसके लिए प्रदेश में फूड प्रोसेसिंग यूनिट्स नहीं लगाई जा सकतीं?

उन्होंने इंदौर के सांवेर औद्योगिक क्षेत्र का उदाहरण देते हुए बताया कि जहां पहले 500 से अधिक इकाइयां थीं, आज वहां केवल 100 बची हैं. उन्होंने कहा जमीनी स्तर पर कंपनियों को कोई वास्तविक प्रोत्साहन नहीं दिया जा रहा. सिंघार ने कहा कि सरकार आईटी सेक्टर की बात तो करती है, लेकिन आईटी कंपनियां मध्यप्रदेश नहीं आ रहीं. बड़ी कंपनियां लगातार बंद हो रही हैं. टूरिज्म सेक्टर में गिरावट है और पर्यावरण से जुड़े मामलों में भ्रष्टाचार हो रहा है. उन्होंने मेडिकल टूरिज्म पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि जब मरीज इलाज के लिए प्रदेश से बाहर जा रहे हैं, तो यह कौन सा मेडिकल टूरिज्म है जिसकी बात सरकार कर रही है. सिंघार ने कहा कि सरकार जनता के पैसों से इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलप कर रही है, लेकिन इसका लाभ न जनता को मिल रहा है, न किसानों को और न ही उद्योगों को मजबूती मिल रही है. सरकार को अपनी नीतियों पर गहराई से विचार करना चाहिए और धरातल पर काम करके दिखाना चाहिए.

### सोलर पंप स्थापना में पूर्ण सहयोग करें

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने निर्देश दिए हैं कि प्रदेश में किसानों के खेतों पर कुसुम योजना के तहत विभिन्न प्रावधानों का किसानों को लाभ दिलवाते हुए सोलर पंप स्थापना में पूर्ण सहयोग किया जाए. इसके लिए नवकरणीय ऊर्जा विभाग और सभी संबंधित एजेंसियां समन्वय से कार्य कर लक्ष्य पूर्ण करें. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक में ये निर्देश दिए. बैठक में बताया गया कि प्रदेश में इस वर्ष सोलर पंप स्थापित करने का अभियान प्रारंभ हो चुका है. इस कार्य की प्रगति की मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विस्तार पूर्वक समीक्षा की. बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश में आगामी वर्ष तक 10 लाख सोलर पंप स्थापित किए जाएंगे. चरणबद्ध रूप से यह कार्य किया जा रहा है. किसानों को खेतों में सोलर पंप की स्थापना से जहां सामान्य बिजली के उपयोग पर होने वाले अत्यधिक व्यय से मुक्ति मिलेगी वहीं इस नवाचार से अन्य किसान भी प्रेरित होंगे. यह कार्य प्रदेश में गति प्राप्त करेगा. इसके लिए किसानों में जागरूकता बढ़ाने के प्रयास भी किए जाएंगे. आने वाले समय में यह भी संभव होगा कि किसान उत्पादित ऊर्जा का विक्रय कर सकेंगे.

# डीपीएम की फर्जी नियुक्ति के मामले में विपक्ष का वाकआउट

### ध्यानाकर्षण के दौरान उठा मामला

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 5 अगस्त. जबलपुर में फर्जी शैक्षणिक योग्यता के आधार पर एक डीपीएम की नियुक्ति का मामला सदन में प्रमुखता से उठा. ध्यानाकर्षण के माध्यम से कांग्रेस विधायक लखन घनघोरिया ने डीपीएम की नियुक्ति में फर्जी मार्कशीट का सहारा लेने का आरोप लगाया और व्यक्ति को पद से हटाने के साथ ही जांच कराने की मांग की.**

लेकिन उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने जांच की मांग को यह कहकर इंकार कर दिया कि पहले गठित जांच कमेटी ने 12वीं की मार्कशीट को फर्जी नहीं माना, वहीं अभी राज्य स्तरीय जांच चल रही है. इस पर नेता प्रतिपक्ष ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि जो अधिकारी लिखकर दे देते हैं, मंत्री उसे ही सही मान लेते हैं और विधायक की बात को महत्व नहीं दिया जाता, इसलिये ही विधानसभा की गरिमा कम हो रही है. उन्होंने कहा कि निष्पक्ष जांच करानी पड़ेगी. उनका साथ विपक्ष के दूसरे सदस्यों ने भी दिया और सदन में दादागिरी नहीं चलेगी के नारे लगे. अब उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कोई आश्वासन नहीं दिया तो विपक्ष ने वाकआउट कर दिया.

कांग्रेस सदस्य लखन घनघोरिया ने ध्यानाकर्षण की सूचना के माध्यम से कहा कि सीएमओ जिला जबलपुर के 9 जनवरी 2008 के आदेश द्वारा विजय पाण्डेय की डाटा असिस्टेंट टीकाकरण संविदा पद की नियुक्ति में फर्जीवाड़ा किया गया है. उनकी हायर सेकेण्डरी की अंकसूची फर्जी है. उन्होंने कहा कि बैचलर ऑफ कम्प्यूटर एप्लीकेशन सिक्स सेमेस्टर डिग्री कोर्स परीक्षा 2017 में तथा मास्टर ऑफ सोशल वर्क पीजी डिग्री कोर्स परीक्षा 2021 में फर्जी रूप से धारित शैक्षणिक योग्यता के आधार पर प्रभारी डीपीएम के पद पर जबलपुर में दिसंबर 2021 को पदस्थ कर दिया गया. उप मुख्यमंत्री ने पूर्व में तारांकित प्रश्न के जवाब में भी पाण्डेय को प्रभारी डीपीएम के पद से हटाने और निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया था, लेकिन वे अब तक इस पद पर बने हुए हैं. घनघोरिया के तर्क का उप मुख्यमंत्री और लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेन्द्र शुक्ल पर कोई असर नहीं हुआ.

### आश्वासन के बाद भी न हटाना ये सदन का अपमान

इस पर विपक्ष के अजय सिंह ने कहा कि आश्वासन के बाद भी न हटाना ये सदन का अपमान है, लगता है कि मंत्रीजी की विशेष कृपा है. उन्होंने उस व्यक्ति को पद से हटाने और समय-सीमा में जांच कराने की मांग की. नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भी फर्जी जानकारी सदन के पटल पर आ गई, उसके बाद भी कार्रवाई नहीं की गई, इसी कारण विधानसभा की गरिमा गिर रही है. उनका साथ विपक्ष के अन्य सदस्यों ने भी दिया, वे अपनी सीटों से खड़े हो गये और दादागिरी नहीं चलेगी के नारे लगाने लगे. नेता प्रतिपक्ष की मांग भी जब अनसुनी कर दी गई तो विपक्ष ने वाकआउट कर दिया.

# पूर्व मुख्यमंत्री द्वारका प्रसाद मिश्र को पुष्पांजलि

### श्रद्धेय मिश्र का योगदान सदैव रहेगा स्मरणीय

**भोपाल, 5 अगस्त. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री पंडित द्वारका प्रसाद मिश्र की जयंती पर विधानसभा के सेंट्रल हॉल में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास में पंडित मिश्र का योगदान अविस्मरणीय है.**

उन्हें राजनीति का पंडित कहा जाता था, जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में नेतृत्व करते हुए कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारा.



मुख्यमंत्री ने विधानसभा परिसर में मीडिया से चर्चा करते हुए विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर को इस परंपरा की शुरुआत के लिए बधाई दी. उन्होंने कहा कि पूर्व विधानसभा अध्यक्षों और मुख्यमंत्रियों को पुष्पांजलि अर्पित करने की परंपरा से प्रदेश के उन महान नेताओं के कार्यों को याद किया जाएगा, जिन्होंने अपने समय में जनसेवा को सर्वोपरि रखा.

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंह सिंघार और मंत्री परिषद् के कई सदस्य उपस्थित रहे.

# धान रोपने गए मजदूरों को लगा करंट, 2 की मौत, 2 घायल

**रायसेन, 5 अगस्त. जिले के उदयपुरा तहसील अंतर्गत ग्राम रोसरा में मंगलवार दोपहर करीब 4 बजे करंट लगने से दो मजदूरों की मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से झुलस गए. हादसा उस वक्त हुआ जब खेत में धान रोपने के दौरान एक मजदूर गायों को भगाने गया और करंट की चपेट में आ गया.**

जानकारी के मुताबिक, खेत मालिक वरुण त्रिपोलिया के खेत में धान लगाने का कार्य चल रहा था. इसी दौरान खेत में गायों का झुंड घुस आया, जिन्हें भगाने के लिए राममोहन अहिरवार (18) खेत की मेढ़ की ओर गया. वहां बिजली की मोटर से जुड़े कटे तारों के कारण तार फेंसिंग में करंट दौड़ रहा था, जिसकी चपेट में वह आ गया. राममोहन को बचाने पहुंचे उसके बड़े भाई रामकृष्ण अहिरवार और पिता हरिशंकर अहिरवार भी करंट की चपेट में आ गए. गांव के ओमकार (26) ने भी बचाने की कोशिश की लेकिन वह भी झुलस गया. मौके पर ही राममोहन और ओमकार की मौत हो गई, जबकि रामकृष्ण और हरिशंकर को अस्पताल ले जाया गया. हरिशंकर की हालत गंभीर बताई जा रही है और उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

# हरियाली बढ़ाने मैदान में उतरे अंबाडे

## वन्यजीवों के लिए उपलब्ध स्थान तेजी से घटा

आशीष कुर्ल

**भोपाल. वीएन अंबाडे ने 1 अगस्त को मध्यप्रदेश के नए प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) का पदभार संभाला. इस संवाददाता से विशेष बातचीत में अंबाडे ने प्रदेश की हरित पट्टी और वन्यजीव संरक्षण को लेकर अपना दृष्टिकोण और दीर्घकालिक लक्ष्य साझा किए.**

उन्होंने बताया कि फिलहाल मध्यप्रदेश की हरित पट्टी लगभग 21 से 23 प्रतिशत है. मेरा लक्ष्य है कि अगले दस वर्षों में यह आंकड़ा 30 प्रतिशत से अधिक हो, उन्होंने कहा. पुरानी उपग्रह तस्वीरों का हवाला देते हुए अंबाडे ने चिंता जताई कि विकास कार्यों और पर्यावरणीय दबावों के चलते वन क्षेत्रों में लगातार कमी आई है. उन्होंने कहा, वन्यजीवों के लिए उपलब्ध स्थान तेजी से घटा है. बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण कर वनों का विस्तार करना आवश्यक है. इससे न केवल वन्यजीवों को आवास मिलेगा बल्कि ग्रीनहाउस प्रभाव को कम करने में भी मदद मिलेगी. उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र में चार वर्ष की प्रतिनियुक्ति के दौरान उनके प्रयासों से हरित आच्छादन 7 प्रतिशत से बढ़कर 20 प्रतिशत से अधिक हुआ. मेरा वह अनुभव अब मध्यप्रदेश में भी उपयोगी साबित होगा.

राज्य की भौगोलिक महत्ता पर जोर देते हुए अंबाडे ने कहा कि कभी मध्यप्रदेश की सड़कों के किनारे पेड़ों की कतारें होती थीं, लेकिन सड़कों के चौड़ीकरण के कारण इनमें से कई पेड़ काट दिये गये. अब बड़े पैमाने पर राजमार्गों के किनारे वृक्षा रोपण करना बेहद जरूरी है, उन्होंने कहा. अंबाडे का एजेंडा विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाने पर केंद्रित है. उनका दृष्टिकोण न केवल मध्यप्रदेश की जैव विविधता की रक्षा करेगा बल्कि देशभर में सतत हरित विकास का उदाहरण भी पेश करेगा.

# दुबई और सिंगापुर के लिए फ्लाइट की मांग

## सांसद आलोक शर्मा ने विमानन मंत्री को सौंपा पत्र



नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 05 अगस्त. दुबई और सिंगापुर के लिए भोपाल से फ्लाइट की मांग सांसद आलोक शर्मा ने की है.**

सांसद शर्मा ने केंद्रीय विमानन मंत्री के राममोहन नायडू से मुलाकात की. सांसद शर्मा ने भोपाल से जम्मू कश्मीर, भोपाल से पटना, भोपाल से चंडीगढ़, भोपाल से कोलकाता, और भोपाल से गोवा के लिए शेड्यूल उड़ानें प्रारंभ करने के लिए मांग पत्र मंत्री को दिया.


लगभग 225 करोड रुपए खर्च कर इसे इंटरनेशनल स्तर का बनाया गया. जिसका 28 जून 2011 को केंद्रीय विमानन मंत्री वायलार रवि द्वारा इसका लोकार्पण किया गया था. यहां इंटरनेशनल एयरपोर्ट की सारी सुविधाएं हैं. इसके अलावा राजाभोज एयरपोर्ट को सीमा शुल्क और इमिग्रेशन चेक की सुविधाएं भी मिल चुकी हैं. बावजूद इसके भोपाल से अंतर्राष्ट्रीय शेड्यूल उड़ाने अब तक शुरू नहीं हो सकी हैं.

### रक्षाबंधन पर रीवा-भोपाल के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन

**भोपाल.** रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए पश्चिम मध्य रेलवे ने रीवा और रानी कमलापति (भोपाल) के बीच एक ट्रिप के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है. वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि यह साप्ताहिक एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 01661/01662 रहेगी. गाड़ी संख्या 01661 रानी कमलापति से रीवा के लिए 8 अगस्त को रात 7:35 बजे रवाना होगी और 9 अगस्त सुबह 6:20 बजे रीवा पहुंचेगी. वहीं, गाड़ी संख्या 01662 रीवा से रानी कमलापति के लिए 9 अगस्त को सुबह 7.35 बजे चलेगी और उसी दिन शाम 7.20 बजे भोपाल पहुंचेगी.

# भोपाल ड्रग्स केस में अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन

## थाईलैंड की महिला और नाइजीरियन युवक गिरफ्तार, यासीन मछली गिरोह से जुड़े तार





**भोपाल, 5 अगस्त. भोपाल के चर्चित एमडी ड्रग्स तस्करी मामले ने अब अंतरराष्ट्रीय रंग ले लिया है. मुख्य आरोपी यासीन अहमद उर्फ यासीन मछली के गिरोह से जुड़े तार अब विदेशों तक फैले मिले हैं.**

भोपाल पुलिस ने दिल्ली से एक नाइजीरियन युवक और भोपाल से थाईलैंड की एक महिला को गिरफ्तार किया है, जो यासीन के लिए ड्रग पैडलर का काम कर रहे थे. क्राइम ब्रांच एडीसीपी शैलेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि नाइजीरियन युवक टेलीग्राम और वॉट्सऐप के ज़रिए यासीन से संपर्क में था और ड्रग्स की सप्लाई करता था. उसका वीज़ा भी समाप्त हो चुका है और दिल्ली में भी उस पर केस दर्ज हैं. भोपाल में गिरफ्तार थाईलैंड की महिला कई वर्षों से शहर में रह रही थी और क्लबों व पार्टियों में हाईप्रोफाइल युवतियों से संपर्क बनाकर उन्हें ड्रग्स सप्लाई करती थी. वह यासीन मछली के गिरोह के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही थी. क्राइम ब्रांच अब उसके वीजा दस्तावेज खंगाल रही है. दोनों विदेशी नागरिकों के पास भारतीय मोबाइल नंबर पाए गए हैं.

### पुलिस कर रही है जांच

ये सिम कार्ड किनके दस्तावेजों पर खरीदे गए हैं. संभावना है कि इसके पीछे कोई और गिरोह सक्रिय हो सकता है. इस केस में एआईएमआईएम के पूर्व नेता के बेटे की भी गिरफ्तारी हुई है, जिसके पास से यासीन के साथी भूरी का अवैध हथियार और कारतूस बरामद हुए हैं. इससे साफ है कि गिरोह का नेटवर्क सिर्फ ड्रग्स तक सीमित नहीं, बल्कि हथियारों की तस्करी से भी जुड़ा है. क्राइम ब्रांच तेजी से जांच को आगे बढ़ा रही है और अन्य संदिग्धों की तलाश जारी है.

## खुलासा: विधायक प्रताप ग्रेवाल के सवाल पर लिखित जवाब में सीएम ने दी जानकारी

# प्रतिदिन 20 बलात्कार और 33 अपहरण

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 5 अगस्त. प्रदेश में प्रतिदिन 20 बलात्कार तथा 33 महिलाओं के अपहरण हो रहे हैं. जनवरी से जून 2025 तक 3742 बलात्कार हुए जिसमें अनुसूचित जाति की महिला 905, जनजाति 1143, पिछड़ा वर्ग 1228 तथा सामान्य महिला 466 है. इस अवधि में 120 सामूहिक बलात्कार दर्ज किए गए.**

यह जानकारी मुख्यमंत्री मोहन यादव ने विधायक प्रताप ग्रेवाल के प्रश्न के लिखित जवाब में सदन में दी. मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्ष 2024 में बलात्कार के प्रकरण में 2.79 फीसदी तथा सामूहिक बलात्कार में 1.63 फीसदी को सजा दी गई, जबकि 2018 में 12.43 फीसदी तथा 16.25 फीसदी को सजा दी गई थी. प्रदेश में वर्ष 2018 से लेकर 2024 के सात वर्षों में 54067 महिलाओं से बलात्कार हुए, जिसमें अनुसूचित जाति 14258, जनजाति 14804 पिछड़ा वर्ग 18942 तथा सामान्य वर्ग की महिला 6063 है. 2018 में 7136 बलात्कार की तुलना में 2024 में 20 फीसदी की वृद्धि होकर 8518 बलात्कार तथा अपहरण 6394 से 53 फीसदी बढ़कर 10070 हुए. जनवरी से जून 25 तक अपहरण के 5868 प्रकरण दर्ज हुए. विधायक प्रताप ग्रेवाल द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन तथा जिले द्वारा भेजी गई महिला अपराध की जानकारी में अंतर पूछने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वार्षिक प्रतिवेदन एवं प्रश्न दिनांक को भेजी गई जानकारी में समय का अंतराल है.

**120 सामूहिक बलात्कार व 33 का अपहरण हुआ**

**25 जून तक अपहरण के 5868 प्रकरण दर्ज**

पीड़िता की बरामदगी होने पर बलात्संग की घटना घटित होना पाए जाने पर अपहरण के प्रकरण बलात्संग के प्रकरण में परिवर्तित होते हैं, जिससे अपहरण एवं बलात्संग के प्रकरणो में कमी, वृद्धि होना एवं आंकड़ों में परिवर्तन होना संभव है. प्रताप ग्रेवाल ने बताया कि 2024-25 के वार्षिक प्रतिवेदन में 2024 मे महिलाओं से बलात्कार के 5592 प्रकरण बताए गए थे जबकि उत्तर में 8518 प्रकरण बताए हैं. 60 फीसदी की वृद्धि सामान्य नहीं है, 2024 में अपहरण के प्रकरण में सजायाबी की दर दो प्रतिशत से भी कम है.

### दो करोड़ की ड्रग तस्करी का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**इंदौर.** एमडी ड्रग्स की तस्करी में एक महीने से फरार चल रहे आरोपी शुभम यादव उर्फ नेपाली को पुलिस ने उज्जैन से गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी पर पहले से ही 18 आपराधिक केस दर्ज हैं और वह वॉट्सएप कॉल के जरिए पूरे नेटवर्क को ऑपरेट करता था. द्वारकापुरी पुलिस की जांच में सामने आया कि शुभम का नेटवर्क 12 युवाओं के जरिए इंदौर, राउ, उज्जैन और आसपास के इलाकों में फैला हुआ था. वह महीने में लगभग दो करोड़ रुपये की एमडी ड्रग्स की डील करता था. गिरफ्तारी के समय शुभम के पास दो मोबाइल फोन मिले जो फर्जी दस्तावेजों पर लिए गए थे. पूछताछ में सामने आया कि शुभम का छोटा भाई रजत यादव उर्फ नेपाली भी इस गैंग का हिस्सा था.

# गरज के साथ होगी मूसलाधार बारिश

## एक दर्जन जिलों में येलो अलर्ट



नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 05 अगस्त. मप्र के भिंड, मुरैना, श्योरपुर सहित जिलों में बुधवार को मूसलाधार बारिश हो सकती है.**

प्रदेश के अधिकांश जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना बनी हुई है. जिसको देखते हुए अलर्ट जारी किया गया है. ग्वालियर, दतिया, आगर, मंदसौर, बैतूल, हरदा, खंडवा, बुरहानपुर, उज्जैन, देवास, शाजापुर, सहित जिलों में बारिश के आसार बने हुए हैं. इस दौरान 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी.

प्रदेश के जिलों में बारिश का दौर फिलहाल जारी रहेगा. सिंगरौली, सीधी, रीवा, बालाघाट, पन्ना, खरगौन, सिहोर, उमरिया, डिंडोरी, कटनी, अनुपपुर, शहडोल, छिंदवाड़ा, सिवनी, मऊगंज, सतना सहित जिलों में बारिश की संभावना को देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया गया है. वर्तमान में मानसून ट्रफ़ माध्य समुद्र तल पर अमृतसर, चंडीगढ़, शामली, शाहजहाँपुर, लखनऊ, छपरा, बांकुरा, कैनिंग से होकर दक्षिण-पूर्व की ओर उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी तक विस्तृत है. एक ऊपरी हवा का चक्रवातीय परिसंचरण उत्तर-पश्चिम बिहार और उससे निकटवर्ती उत्तर-पूर्व उत्तर प्रदेश पर बना हुआ है

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14